**Regarding need to give land ownership rights to farmers of border areas in Jammu Parliamentary Constituency**

श्री जुगल किशोर शर्मा **(जम्मू):** मैं सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र जम्मू की ओर दिलाना चाहता हूँ । मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत भारत पाक सीमा पर बसे उन किसानों की तरफ ले जाना चाहता हूँ, जिनकी दशा बहुत ही दयनीय बनी हुई है भारत पाक बटवारे के समय ये लोग वहां से पलायन करके भारत में आये थे, तब इन लोगों को जमीनें आल्लोट की गयी थीं जिस पर आजतक ये खेती बाड़ी कर अपनी जिन्दगी गुजर बसर कर रहें है । उन्हें इन जमीनों का मालिकाना हक़ आज तक नहीं मिला है, जिसकी वजह से इन्हें प्रधानमंत्री किसान निधि का लाभ नहीं मिल पाता है और जो इनकी जमीनें काटेदार तार के साथ वाली जमीन आर्मी द्वारा ली जा रही है । मालिकाना हक नहीं होने के कारण उन जमीनों की कीमत भी इन्हें नहीं मिल पाती है । अत: मैं सरकार से अनुरोध करना चाहता हूँ कि इन्हें इनकी जमीनों की मलिकाना हक़ दिया जाए, जहाँ ये 75 सालों से रह रहे हैं जिससे उन किसानों को प्रधानमंत्री किसान निधि का लाभ मिल सके ।